प्रेषक,

महेन्द्र प्रसाद भारती,
अनु सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

प्रबन्ध निदेशक,
यू0पी0 डेस्को,
लखनऊ।

आई0टी0 एवं इलेक्ट्रानिक्स अनु-2 लखनऊ:दिनांक: 31 जुलाई, 2015

विषयः- ई-आफिस क्रियान्वयन के संबंध में निक्सी एवं आउटसोर्स कार्मिकों को भुगतान किया जाना।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक कार्यालय ज्ञाप संख्या-920/78-2-2014 95आई.टी./2014 दिनांक 07.08.2014 की संलग्न छायाप्रति **(संलग्नक-1)** का कृपया संदर्भ ग्रहण करें, जिसके माध्यम से यू0पी0 डेस्को को आई0टी0 एवं इलेक्ट्रानिक्स विभाग को पेपरलेस किए जाने हेतु सॉफ्टवेयर, ट्रेनिंग एवं सपोर्ट, हार्डवेयर, मैनपावर एवं डिजिटल सिंगनेचर आदि की व्यवस्था किए जाने हेतु नोडल एजेंसी नामित किया गया है।

2. सचिवालय प्रशासन विभाग के कार्यालय ज्ञाप संख्या-08/2015/607/बीस-13-वि.-2015-12(विविध)/14 दिनांक 26.03.2015 द्वारा आई0टी0 एवं इलेक्ट्रानिक्स विभाग के प्रस्तावानुसार कुल रू. 35,41,805/- (रूपये पैतीस लाख इक्तालीस हजार आठ सौ पाँच मात्र) की वित्तीय स्वीकृति जारी की गई है। तदोपरान्त शासनादेश संख्या-588/78-2-2015-95आई.टी./2014टी.सी. दिनांक 08.05.2015 द्वारा ई-आफिस के संचालन हेतु आउटसोर्स के रूप में तीन कार्मिकों की तैनाती कराते हुए आवंटित धनराशि के सापेक्ष वर्ष 2014-15 में आउटसोर्स पर व्यय धनराशि को समायोजित करते हुये वित्तीय वर्ष 2015-16 हेतु वांछित धनराशि का प्रस्ताव उपलब्ध कराये जाने का अनुरोध किया गया था परन्तु अभी तक प्रस्ताव/सूचना शासन को उपलब्ध नहीं करायी गयी है।

3. निक्सी द्वारा अपने पत्र संख्या-NICSI/E-Office/DITEUP/2014 दिनांक 04.08.2014 **(संलग्नक-2)** के माध्यम से वित्तीय प्रस्ताव आई0टी0 एवं इलेक्ट्रानिक्स विभाग को उपलब्ध कराया गया है।

4. आई0टी0 एवं इलेक्ट्रानिक्स विभाग द्वारा सचिवालय प्रशासन विभाग को, ई-आफिस इम्प्लीमेन्टेशन टीम द्वारा विभिन्न स्टेक होल्डर्स से हुई वार्ता एवं गैप इन्फ्रास्ट्रक्चर एनालिसिस के उपरान्त आवश्यक हार्डवेयर एवं मैनपावर हेतु निम्नलिखित प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया था:-

a. ई-आफिस इम्प्लीमेन्टेशन हेतु अपेक्षित हार्डवेयर की अनुमानित लागतः-

Hardware Cost				
S.No	Item	Quantity	Unit Price	Total Price
1	Desktop(i3 , 4GB RAM, Ethernet card) with Windows 7 professional, Symantec Antivirus, with 3 year warranty	6	50000	300000

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in

2	All in one Desktop(i5, 6GB RAM) with windows 7 professional, Symantec Antivirus with 3 year warranty	2	75000	150000
3	Duplex Scanner (1 Year Warranty)	2	50000	100000
4	Multi Function Printer (With Scanner, Fax, Printer) (1 Year warranty)	2	25000	50000
5	UPS (1Kva)	8	15000	120000
6	Digital Signature	20	555	11100
7	Total			731100

b. ई-आफिस इम्प्लीमेन्टेशन हेतु अपेक्षित जनशक्ति की अनुमानित लागतः-

Manpower Cost				
S.No	Item	Quantity	Unit Price	Total Price
1	Outsources staff for Helping the Section (360000 per person per year)	1	360000	360000
2	Outsources staff for Helping the Section (240000 per person per year)	2	240000	480000
3	Total			840000

5. इसके अतिरिक्त ई-आफिस इम्प्लीमेन्टेशन हेतु एन.आई.सी.एस.आई. (निक्सी) द्वारा साफटवेयर की लागत तथा ट्रेनिंग एवं सपोर्ट इत्यादि की लागत रु. 19,70,705/- बतायी गयी है।

Software Cost		
S.No	Description	Amount
1	Environment Server Setup, Installation, configuration, Site Preparation and Management, Core Roll out Management Project Management, product configuration and Release Management, Capability Building Programme, Post Implementation Technical Support, Training Handholding and Technical Support (Six Months)	19,70,705/-
2	Total	19,70,705/-

बिन्दु सं0-5 के सापेक्ष रु. 19,70,705/- (रूपये उन्नीस लाख सत्तर हजार सात सौ पांच मात्र) का भुगतान एन.आई.सी.एस.आई. (निक्सी) को किया जाना है।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

6. इस संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि कृपया ई-आफिस इम्प्लीमेंटेशन हेतु सचिवालय प्रशासन विभाग के कार्यालय ज्ञाप संख्या-08/2015/607/बीस-13-वि.-2015-12(विविध)/14 दिनांक 26.03.2015 द्वारा स्वीकृत धनराशि/प्राप्त धनराशि रू. 35,41,805/- के सापेक्ष आहरित/भुगतान की गयी धनराशि की सूचना सहित कार्यालय ज्ञाप संख्या-1241/78-2-2014-95आई.टी./2014 दिनांक 14.11.2014 के क्रम में "स्कैनिंग प्रकोष्ठ" में आउटसोर्सिंग के माध्यम से 03 कर्मचारी तैनात किये जाने हेतु शासन द्वारा वर्ष 2014 में निर्गत तैनाती विषयक दिये गये निर्देश एवं शासनादेश संख्या-BSN/14-150020 दिनांक 29.09.2014 की प्रमाणित प्रति सक्षम स्तर से शासन को 2 दिन में उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

संलग्नक-यथोपरि।

भवदीय,

(महेन्द्र प्रसाद भारती)
अनु सचिव

http://shasanadesh.up.nic.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।